(i) **Printed Pages: 3** Roll No. ................................

(ii) **Questions : 4** **Sub. Code : | 0 | 4 | 0 | 5 |**

**Exam. Code : | 0 | 0 | 0 | 5 |**

**B.A. (General) 5th Semester**

**1128**

**HINDI**

**Paper—Elective**

**Time Allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 90**

नोट :— (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) भाषा सटीक एवं साहित्यिक हो।

(3) व्यर्थ के विस्तार से बचें।

1. (क) किन्हीं **दो** पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(i) सीस पर आदेश कर अवधार्य,
प्रकृति के सब तत्त्व करते हैं मनुज के कार्य।
मानते हैं हुक्म मानव का महा वरुणेश,
और करता शब्दगुण अम्बर वहन संदेश।

(ii) न्याय शान्ति का प्रथम न्यास है,
जब तक न्याय न आता,
जैसा भी हो, महल शान्ति का
सुदृढ़ नहीं रह पाता।

(iii) जो निरामय शक्ति है तप, त्याग में,
व्यक्ति का ही मन उसे है मानता ;
योगियों की शक्ति से संसार में ;
हारता लेकिन, नहीं समुदाय है।

(iv) "युधिष्ठिर ! क्या हुताशन-शैल सहसा फूटता है ?
कभी क्या वज्र निर्धन व्योम से भी छूटता है ?
अनलगिरि फूटता, जब ताप होता है अवनि में,
कड़कती दामिनी विकराल धूमाकुल गगन में। 6×2=12

(ख) 'कुरुक्षेत्र' का नायक आप किसे मानते हैं ? स्पष्ट करें।

**अथवा**

'कुरुक्षेत्र' के प्रतिपाद्य विषय का विवेचन करें। 15

2. (क) गीति काव्य की परिभाषा देते हुए उसकी प्रमुख विशेषताओं का वर्णन करें।

**अथवा**

खण्ड काव्य और महाकाव्य में क्या अन्तर है ? स्पष्ट करें। 15

(ख) संस्मरण के तत्वों का विस्तारपूर्वक वर्णन करें।

**अथवा**

निबन्ध के तत्वों का विस्तारपूर्वक वर्णन करें। 15

3. निम्नलिखित अलंकारों में से किन्हीं **तीन** अलंकारों के लक्षण और उदाहरण लिखिए :

यमक, अनुप्रास, विरोधाभास, प्रतीप, श्लेष। 6×3=18

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **50** शब्दों का होना चाहिए :

(i) 'कुरुक्षेत्र' के नामकरण की सार्थकता को स्पष्ट करें।

(ii) कृष्ण ने अपने उपदेश में किस बात को विशेष महत्व दिया ?

(iii) भीष्म पितामाह के अनुसार युद्ध कब अनिवार्य हो जाता है ?

(iv) 'आत्मकथा' को स्पष्ट करें।

(v) जीवनी के मुख्य एक तत्व को स्पष्ट करें।

(vi) निबन्ध की परिभाषा लिखें। $5 \times 3 = 15$